**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1597**
**मंगलवार, 26 जुलाई, 2022/04 श्रावण, 1944 (शक) को उत्तर के लिए**

**विचाराधीन कैदी**

**1597. श्री हाजी फजलुर रहमान:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) वर्तमान में देश भर के कारागारों में कितने विचाराधीन कैदी बंद हैं और उनका ब्यौरा क्या है तथा उनमें से कितने कैदी दलित और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं;**

**(ख) क्या देश के कारागारों में ऐसे विचाराधीन कैदी हैं जो अपनी आर्थिक तंगी के कारण अधिवक्ता के अभाव में अपना मुकदमा लड़ने में अस्मर्थ हैं; और**

**(ग); यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय कुमार मिश्रा)**

(क): राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा उसे सूचित किए गए कारागार संबंधी आंकड़ों को संकलित करता है तथा इन्हें अपने वार्षिक प्रकाशन "प्रिजन स्टेटिसटिक्स इंडिया" में प्रकाशित करता है। नवीनतम प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2020 की है। दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार देश की जेलों में विचारणाधीन कैदियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुलग्नक-। में दी गई है। दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार देश की जेलों में विचारणाधीन कैदियों की जाति-वार और धर्म-वार संख्या क्रमशः अनुलग्नक-।। और ।।। में दी गई है।

(ख) और (ग): यह सूचना केंद्रीयकृत रूप में नहीं रखी जाती है। भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-।। की प्रविष्टि 4 के तहत 'कारागार'/'उनके भीतर बंद व्यक्ति' "राज्य सूची" के विषय हैं। कैदियों का प्रशासन एवं प्रबंधन राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों ने जेलों में विधिक सेवा क्लीनिक स्थापित किए हैं, जो जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करते हैं। देश की जेलों में लगभग 1181 विधिक सेवा क्लीनिक हैं, जिन्हें पैनल में शामिल विधिक सेवा अधिवक्ताओं और प्रशिक्षित पैरा-विधिक स्वयंसेवकों

द्वारा संचालित किया जाता है। जेलों में ऐसे क्लीनिक यह सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए गए हैं कि कोई भी कैदी सहायता से वंचित न रहे और उन्हें विधिक सहायता तथा सलाह प्रदान की जाए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) निःशुल्क विधिक सहायता, प्ली बार्गेनिंग, लोक अदालत और कैदियों के जमानत के अधिकार सहित उनके विधिक अधिकारों की उपलब्धता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जेलों में जागरूकता शिविर भी लगाता है। गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को परिचालित किए गए 'आदर्श कारागार मैनुअल 2016' में भी 'कानूनी सहायता' पर एक अध्याय है, जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, यह प्रावधान है कि राज्यों को गरीब और सहायता से वंचित कैदियों की सहायता के लिए सप्ताह के निर्धारित दिनों में विभिन्न कारागारों का दौरा करने हेतु जेल में आने वाले अधिवक्ताओं को नामित करने की पद्धति अपनानी चाहिए।

******

अनुलग्नक-I

**दिनांक 31.12.2020 की स्थिति के अनुसार देश की जेलों में विचारणाधीन कैदियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 5001 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 127 |
| 3 | असम | 6495 |
| 4 | बिहार | 44187 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 11963 |
| 6 | गोवा | 419 |
| 7 | गुजरात | 10195 |
| 8 | हरियाणा | 14951 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1574 |
| 10 | झारखंड | 17103 |
| 11 | कर्नाटक | 10577 |
| 12 | केरल | 3569 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 31712 |
| 14 | महाराष्ट्र | 26171 |
| 15 | मणिपुर | 506 |
| 16 | मेघालय | 821 |
| 17 | मिजोरम | 609 |
| 18 | नागालैंड | 261 |
| 19 | ओडिशा | 15619 |
| 20 | पंजाब | 15643 |
| 21 | राजस्थान | 16930 |
| 22 | सिक्किम | 328 |
| 23 | तमिलनाडु | 8709 |
| 24 | तेलंगाना | 3946 |
| 25 | त्रिपुरा | 472 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 80557 |
| 27 | उत्तराखंड | 3906 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 20144 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 194 |
| 30 | चंडीगढ़ | 619 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव | 138 |
| 32 | दिल्ली | 14506 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 3717 |
| 34 | लद्दाख | 21 |
| 35 | लक्षद्वीप | 2 |
| 36 | पुदुचेरी | 156 |
| | **कुल** | **371848** |

अनुलग्नक-।।

**दिनांक 31.12.2020 की स्थिति के अनुसार विचाराधीन कैदियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जाति**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एससी | एसटी | ओबीसी | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 957 | 646 | 1616 | 1782 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 82 | 0 | 45 |
| 3 | असम | 1203 | 1362 | 1740 | 2190 |
| 4 | बिहार | 8960 | 1622 | 22868 | 10737 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1771 | 4506 | 3970 | 1716 |
| 6 | गोवा | 63 | 58 | 42 | 256 |
| 7 | गुजरात | 1175 | 1697 | 5150 | 2173 |
| 8 | हरियाणा | 4294 | 184 | 3919 | 6554 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 411 | 113 | 204 | 846 |
| 10 | झारखंड | 2732 | 4320 | 7084 | 2967 |
| 11 | कर्नाटक | 2177 | 1039 | 4802 | 2559 |
| 12 | केरल | 795 | 138 | 1706 | 930 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 8059 | 7657 | 10430 | 5566 |
| 14 | महाराष्ट्र # | - | - | - | - |
| 15 | मणिपुर | 5 | 160 | 41 | 300 |
| 16 | मेघालय | 45 | 579 | 15 | 182 |
| 17 | मिजोरम | 17 | 584 | 0 | 8 |
| 18 | नागालैंड | 23 | 191 | 33 | 14 |
| 19 | ओडिशा | 4460 | 4167 | 3879 | 3113 |
| 20 | पंजाब | 5983 | 321 | 2642 | 6697 |
| 21 | राजस्थान | 3325 | 2686 | 6993 | 3926 |
| 22 | सिक्किम | 54 | 82 | 131 | 61 |
| 23 | तमिलनाडु | 2482 | 307 | 5624 | 296 |
| 24 | तेलंगाना | 662 | 408 | 1007 | 1869 |
| 25 | त्रिपुरा | 107 | 90 | 64 | 211 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 20389 | 4295 | 34233 | 21640 |
| 27 | उत्तराखंड | 830 | 207 | 1134 | 1735 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2785 | 1029 | 3405 | 12925 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 0 | 7 | 4 | 183 |
| 30 | चंडीगढ़ | 212 | 1 | 146 | 260 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव | 11 | 24 | 50 | 53 |
| 32 | दिल्ली | 3525 | 239 | 4631 | 6111 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 168 | 223 | 53 | 3273 |
| 34 | लद्दाख | 0 | 5 | 0 | 16 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 36 | 0 | 120 | 0 |
| | **कुल** | **77716** | **39031** | **127736** | **101194** |
| # महाराष्ट्र ने ब्यौरा प्रदान नहीं किया | | | | | |

अनुलग्नक-।।।

**दिनांक 31.12.2020 की स्थिति के अनुसार विचारणाधीन कैदियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार धर्म**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | हिंदू | मुसलमान | सिख | ईसाई | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 4292 | 501 | 7 | 201 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 52 | 5 | 0 | 60 | 10 |
| 3 | असम | 2668 | 3403 | 81 | 169 | 174 |
| 4 | बिहार | 36937 | 7007 | 158 | 62 | 23 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 10860 | 683 | 90 | 199 | 131 |
| 6 | गोवा | 324 | 48 | 0 | 47 | 0 |
| 7 | गुजरात | 8099 | 1860 | 131 | 83 | 22 |
| 8 | हरियाणा | 11839 | 2096 | 911 | 96 | 9 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1379 | 78 | 65 | 32 | 20 |
| 10 | झारखंड | 12486 | 3267 | 73 | 1153 | 124 |
| 11 | कर्नाटक | 7636 | 2482 | 5 | 396 | 58 |
| 12 | केरल | 1865 | 984 | 0 | 707 | 13 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 27134 | 4014 | 355 | 82 | 127 |
| 14 | महाराष्ट्र # | - | - | - | - | - |
| 15 | मणिपुर | 212 | 92 | 0 | 165 | 37 |
| 16 | मेघालय | 182 | 77 | 0 | 540 | 22 |
| 17 | मिजोरम | 18 | 34 | 0 | 539 | 18 |
| 18 | नागालैंड | 48 | 20 | 1 | 192 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 13970 | 830 | 22 | 745 | 52 |
| 20 | पंजाब | 4659 | 722 | 9047 | 779 | 436 |
| 21 | राजस्थान | 12719 | 3161 | 888 | 19 | 143 |
| 22 | सिक्किम | 226 | 13 | 0 | 59 | 30 |
| 23 | तमिलनाडु | 6603 | 1041 | 1 | 1054 | 10 |
| 24 | तेलंगाना | 2725 | 1041 | 14 | 138 | 28 |
| 25 | त्रिपुरा | 334 | 103 | 0 | 11 | 24 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 56443 | 22849 | 492 | 152 | 621 |
| 27 | उत्तराखंड | 2336 | 1199 | 334 | 37 | 0 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 11130 | 8774 | 32 | 129 | 79 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 101 | 15 | 0 | 60 | 18 |
| 30 | चंडीगढ़ | 538 | 36 | 41 | 4 | 0 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव | 80 | 58 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 9999 | 3902 | 255 | 340 | 10 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 1152 | 2381 | 160 | 24 | 0 |
| 34 | लद्दाख | 3 | 7 | 0 | 0 | 11 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 141 | 5 | 0 | 10 | 0 |
| | **कुल** | **249190** | **72790** | **13163** | **8284** | **2250** |

# महाराष्ट्र ने ब्यौरा प्रदान नहीं किया